


**एक नजर में**

### झंडा वंदन कर मनाया स्वतंत्रता दिवस



**छापीहेड़ा 17 अगस्त, सं.** नगर व आसपास के क्षेत्रों में 80 वा स्वतंत्रता दिवस मनाया झंडा वंदन किया गया. स्कूल से छात्र-छात्राओं द्वारा नगर मैं रैली प्रभात फेरी शासकीय अशासकीय विद्यालयों द्वारा निकाली गई. बस स्टैंड परिसर पर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने सलामी दी. बीजेपी व कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया. टप्पा कार्यालय व मंडी कार्यालय में तहसीलदार सोनू गुप्ता द्वारा झंडा वंदन किया गया. नगर परिषद कार्यालय, बस स्टैंड जय स्तंभ पर अध्यक्ष देव बाई खटीक द्वारा झण्डा वंदन किया गया. कांग्रेस कार्यालय में नगर अध्यक्ष अमर सिंह पाटीदार द्वारा, थाना परिसर में थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती द्वारा, कृष्ण वैली स्कूल में निखिल गांधी द्वारा झण्ड वंदन किया गया.

### कोतवाली में तत्काल एफआईआर दर्ज

**राजगढ़ 17 अगस्त, का.** ग्राम मुंडला, पंचायत न्यू बनपुर में नल कनेक्शन की मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य के दौरान एल एण्डक टी टीम के सदस्यों के साथ मारपीट एवं पथराव के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री मंगीलाल तंवर एवं लखन तंवर के साथ ग्राम के दो व्यक्तियों द्वारा विवाद करते हुए मारपीट की गई, जिससे सिर में चोट आई. साथ ही एल एण्डा टी टीम के पिकअप वाहन पर भी पथराव किया गया, जिससे वाहन का साइड मिरर क्षतिग्रस्त हो गया. घटना की सूचना मिलते ही महाप्रबंधक श्री चौधरी के निर्देश पर उप प्रबंधक श्री रवि पाटीदार एवं एल एण्डन टी इंजीनियर श्री गोविंद जाट तत्काल कोतवाली थाना, राजगढ़ पहुंचे और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई.

### प्रज्ञा सागर महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय पर्व



**पचोर 17 अगस्त, सं.** प्रज्ञा सागर महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर कॉलेज सचिव महेश नागर, कॉलेज संचालक राहुल विजयवर्गीय एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ. महेश नागर की उपस्थिति में महाविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. महाविद्यालय सभागार में विद्यार्थियों ने ओजस्वी भाषण,देशभक्ति गीत एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दी .इस दौरान देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया. संचालक राहुल विजयवर्गीय ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति होते हैं. भारत की युवा आबादी में देश को नई दिशा देने की अपार क्षमता है. समारोह को सफल बनाने में महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी विवेक गर्ग एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा.

# आक्रोशित परिजनों ने नहीं होने दिया पीएम

## बड़ी संख्या में धरने पर बैठे लोग, फायरिंग करने वाले एएसआई को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**तलेन के समीप इकलेरा में रविवार को पुलिसकर्मी की गोली से हो गई थी एक की मौत परिजनों ने घटना के 36 घंटे बाद भी पीएम नहीं कराया**



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा/तलेन 17 अगस्त, का. तलेन के समीप इकलेरा गांव में एक प्लॉट के विवाद को लेकर एएसआई की बंदूक से मरने वाले व्यक्ति को लेकर समाजबंधुओं और ग्रामिणों में भारी शोक और नाराजगी है. परिजनों ने घटना के 36 घंटे बाद भी पीएम नहीं कराया. तलेन में लोग धरने पर बैठे रहे लेकिन उन्होंने शुजालपुर अस्पताल में रखे मृतक के शव का पीएम नहीं कराया.**

गौरतलब है कि रविवार को इकलेरा में एक प्लॉट को लेकर विवाद हो गया था. इस मामले में एएसआई दिलीप कुंभकार ने अपनी बंदूक से चार लोगों पर फायरिंग कर दी. इनमें से दीपक मोहबे नामक युवक की मौत हो गई थी. जबकि तीन सगे भाई घायल हो गये.

पुलिस ने आरोपी दिलीप कुंभकार को हिरासत में लेते हुए उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. इस मामले में परिजनों, समाजबंधुओं में गहरा आक्रोश है. वे आज तलेन के अंबेडकर चौके के समक्ष भारी संख्या में एकजुट हुए और उन्होंने परिवार के एक सदस्य को नोकरी तथा एक करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता की मांग कर रहे थे. उन्होंने नाराजगी में शव का पीएम तक नहीं कराया. परिणाम स्वरूप प्रशासन के प्रयासों के बावजूद अंतिम संस्कार नहीं हो पाया.

### दलित समाज में काफी नाराजगी

समाज के लोगो ने आज पुलिस-प्रशासन के कहने के बाद भी मृतक का शव शुजालपुर अस्पताल से नहीं लाया. शव शुजालपुर के सरकारी अस्पताल की मरच्युरी रूम में रखा है. पीएम नहीं होने के कारण व अपनी मांगों पर अड़े रहने के कारण आज अंतिम संस्कार नहीं हो पाया. मंगलवार को ठोस आश्वासन के बाद अंतिम संस्कार होना संभावित लग रहा है.

### एएसआई की दादागिरी को पुलिस ने किया नजरअंदाज

वर्दी की हेकड़ी में एएसआई दिलीप कुंभकार ने अपरे रसूख का इस्तेमाल कर न तो पुलिस कार्रवाई होने दी और अपने दंभ में गोली मारकर युवक की हत्या कर दी .गौरतलब है कि एक प्लॉट पर पुलिसकर्मी ने जबरन कब्जा कर लिया था. इसकी शिकायत फरियादी दीपक ने इकलेरा चौकी को की थी लेकिन पुलिस ने अपने स्टॉफ को महत्व देते हुए कोई कार्रवाई नहीं की. इस शिकायत के बाद पुलिस का रौब झाड़ते हुए आरोपी दिलीप ने फरियादी दीपक को गोली मारने की धमकी दी थी . अंतत: दादागिरी और पुलिस का खौफ दिखाते हुए उसने दीपक की गोली मारकर हत्या कर दी .

# सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों का ज्ञापन आज

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 17 अगस्त, का. सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित जिला राजगढ़ एवं जिला गुना के किसानों की लंबे समय से लंबित मुआवजा, पुनर्वास एवं परिसंपत्तियों से संबंधित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर प्रभावित किसानों द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश शासन के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन आज प्रस्तुत किया जाएगा.**

प्रभावित किसानों का कहना है कि सुठालिया सिंचाई परियोजना के कारण अनेक किसान एवं उनके परिवार भूमि, मकान, कुएं, ट्यूबवेल, पेड़-पौधे, फलदार पौधे, सिंचाई पाइपलाइन सहित अन्य परिसंपत्तियों से प्रभावित हुए हैं. इसके बावजूद सभी पात्र प्रभावित किसानों एवं परिवारों को अब तक समान रूप से मुआवजा एवं पुनर्वास संबंधी लाभ प्राप्त नहीं हो सके हैं.

किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि परियोजना से संबंधित सभी विसंगतियों को तत्काल दूर करते हुए सभी पात्र प्रभावित परिवारों को उनके अधिकारों का लाभ निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समान रूप से प्रदान किया जाए.8 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन किया जायेगा.

18 अगस्त को किसानों को मिलेगा खुला समर्थन सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की मांगों को लेकर 18 अगस्त 2026, मंगलवार को होने वाले कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री प्रियवृत सिंह तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा किसानों की मांगों का खुला समर्थन किए जाने की बात कही गई है.

### पेट्रोल पंपों की शिकायतों पर सख्त निगरानी

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 17 अगस्त, का.** पेट्रोल पंपों से संबंधित शिकायतों, विशेषकर ईंधन में पानी की मिलावट के मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित समिति को सख्ती से निगरानी करने तथा शिकायत मिलने पर नियमानुसार जांच एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

# जो संगठन भाव से काम करता है पार्टी उसे मुकाम तक पहुँचाती है




**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 17 अगस्त, का.मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक अपैक्स अध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त महेंद्र सिंह यादव का ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन हुआ. भाजपा मंडल द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस पर स्वागत अभिनंदन भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव के नेतृत्व में किया गया.**

स्थानीय रेस्ट हाउस पर राज्य सहकारी बैंक के चेयरमैन महेंद्र सिंह यादव राज्मंत्री नारायण सिंह पंवार ने अभिनंदन किया. इस दौरान सहकारी बैंक के मैनेजर संजय नामदेव और बैंक कर्मचारी ने भी स्वागत किया. राज्मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि महेंद्र सिंह यादव अनुभवी है. उन्होंने कहा कि महेंद्र सिंह यादव की नियुक्ति से क्षेत्र के लोगों में सहकारी क्षेत्र में और बैंकिंग सेवाओं में सुधार की उम्मीद जगी. श्री यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन ने जब जब भी मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे मैंने पूरा किया है पार्टी ने मुझे विधानसभा का चुनाव भी लड़ाया और मुझे बीज निगम का अध्यक्ष भी बनाया और लगातार संगठन की हर ज़िम्मेदारी को निभाने का प्रयास किया है. पार्टी का कार्यकर्ता कभी निराश ना हो लगातार पार्टी संगठन के लिए काम करते रहेंगे तो एक दिन पार्टी अपने मेहनती कार्यकर्ता को मुकाम तक पहुँचाती है.

इस दौरान प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य दिलवर यादव, जनपद अध्यक्ष जगदीश गुर्जर, मानसिंह राजपूत, सुरेश शर्मा, गोपाल जाटव, अमित शर्मा, पवन कुशवाह, विष्णु साहू, विक्रम जगताप, दिलीप भार्गव, सुनीता विश्वकर्मा, सुमीत सोलंकी चंदन जादौन, मयूर गुप्ता, गिरिराज लववंशी, दीपकमल शर्मा,भारत मोगिया आदि मौजूद रहे. क



### रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया

**सारंगपुर 17 अगस्त, सं.** मास्टरमाइंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि माखन सिंह यादव पूर्व एरिया मैनेजर, नर्मदा ग्रामीण बैंक, विशेष अतिथि संजय यादव जो सऊदी अरब में कार्यरत हैं, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोर सिंह पाटीदार ने की. अतिथियों ने देश की एकता-अखंडता, वैज्ञानिक प्रगति, भाईचारे, आपसी सम्मान एवं अच्छे नागरिक बनने का संदेश दिया. इस अवसर पर डायरेक्टर सी.पी. पाटीदार, प्राचार्य श्रीमती आर. सैक्सेना, वाइस प्रिंसिपल श्रीमती एस. पाटीदार, हेरोजित हाओबिजाम, विष्णु पाटीदार, राधेश्याम भिलाला, श्रीमती श्वेता जोशी, श्रीमती शशि पाटीदार, श्रीमती कविता पाटीदार सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे.

# दिव्यांग को नगर परिषद अध्यक्ष ने चद्दर की दुकान बनवाकर दी

**नवभारत न्यूज**

**पचोर 17 अगस्त, सं. नगर परिषद के सफलतम 4 वर्ष पूर्ण होने पर नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोडिया द्वारा वार्ड क्रमांक 9 में निवासरत दिव्यांग किशन दादा अहिरवार को चद्दर की गुमटी बनाकर अपना एवं परिवार का भरण पोषण करने के लिए दुकान देकर फूल माला पहनकर साफा बांधकर स्वागत करके दुकान की चाबी दी.**



अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सुरक्षित रोजगार करने के लिए धूप पानी से बचने के लिए दुकान भेंट करके पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के सिद्धांत को साकार किया है व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़कर अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आंसू पहुंचने का काम किया है. उल्लेखनीय की किशन अहिरवार रोड पर सड़क किनारे बैठकर पुराने जूते चप्पल सिलाई करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं. जिससे उन्हें गर्मी और बरसात में काफी परेशानी का साथ करना पड़ता था. नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा दुकान बना कर देने पर किशन दादा ने काफी भावुक होकर उन्होंने अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया.

# राज्य कर्मचारी संघ, भारतीय मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन




**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 17 अगस्त, का. मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं भारतीय मजदूर संघ के सहयोग से अधिकारी कर्मचारियों की 26 सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम द्वारा कलेक्टर को अधिकारी कर्मचारियों की 26 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया.**

जिसमें मुख्य मांग पुरानी पेंशन बहाली शिक्षकों का नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठ या अटेंडेंस पंचायत सचिव को पंचायत विभाग में नियुक्ति किया जाना है. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष नागेंद्र सिंह गुर्जर, जिला सचिव यशवंत यादव, संभागीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, संभागीय पदाधिकारी नरसिंह लाल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष देवनारायण डांगी, जिला उपाध्यक्ष रामबाबू शर्मा नरसिंहगढ़, दौलत सिंह वर्मा, तहसील अध्यक्ष राजगढ़ योगेश शर्मा, अध्यक्ष नरसिंहगढ़ घासीराम मालवी, सारंगपुर नारायण सिंह पवार, खुजनेर कृष्ण पाल दांगी खिलचीपुर शिवचंद दांगी, छगनलाल यादव ब्यावरा, लक्ष्मीनारायण दांगी जसवंत सिंह परमार शिव सिंह चौहान गोपाल दास वर्मा रामलाल सुथार आदि साथियों ने चारों के मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा.

### छात्रावास, आंगनवाड़ी एवं विद्यालयों की समीक्षा

**राजगढ़ 17 अगस्त, का.** बैठक में छात्रावास, आंगनवाड़ी केंद्र, विद्यालय सहित अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई. अधिकारियों को इन संस्थानों से संबंधित समस्याओं एवं आवश्यकताओं का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की सेवाओं को नागरिकों तक सुगमता से पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है.

**समीक्षा** कलेक्टर ने सुठालिया में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान की तैयारियों की समीक्षा की

# पटवारी, सचिव एवं जीआरएस की सार्थक ऐप पर ई-अटेंडेंस अनिवार्य

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 17 अगस्त, का. मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के आगामी आयोजन की तैयारियों को लेकर सुठालिया में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा की.**

बैठक में अभियान की तैयारियों के साथ पूर्व में प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सार्थक अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी पटवारी, पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक (जीआरएस) सार्थक ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप से ई-अटेंडेंस दर्ज करें. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए. सार्थक अटेंडेंस में खराब प्रदर्शन पाए जाने पर जल संसाधन विभाग को पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए.



### खाद्य सुरक्षा अधिकारी पर कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि एनालॉग पनीर की जब्ती का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं होना गंभीर विषय है. इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई नहीं किए जाने पर संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए.

### शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर कार्रवाई

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबल, जननी सुरक्षा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं बाल आशीर्वाद योजना से संबंधित लंबित शिकायतों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए. सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में खराब प्रदर्शन पर पशु चिकित्सा विभाग में शिकायतों का कार्य देखने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर की 7 दिवस की वेतन रोकने के निर्देश दिए गए. वहीं, टीएल बैठक में अनुपस्थित रहने पर कोषालय अधिकारी एवं उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यावरा द्वारा शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यावरा को अगली टीएल बैठक में स्वयं उपस्थित होकर स्थिति प्रस्तुत करने तथा 7 दिवस में लंबित शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए.

### प्रधानमंत्री आवास योजना की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना की गहन समीक्षा करने के निर्देश दिए तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को योजना की प्रगति एवं लंबित प्रकरणों की व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए.

### आधार पेंडेंसी के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आधार से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए इन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए.

**उद्यम क्रांति योजना के ऋण से स्थापित उद्यमों की होगी समीक्षा** कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत वितरित ऋणों की समीक्षा करते हुए आगामी टीएल बैठक में यह जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए कि ऋण प्राप्त हितग्राहियों द्वारा उद्यम स्थापित किया गया है अथवा नहीं. जिन हितग्राहियों द्वारा उद्यम स्थापित नहीं किया गया है, उनकी विभागवार रिपोर्ट आगामी टीएल बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए.

### खराब प्रदर्शन पर रीडर को निलंबित करने के निर्देश

अमरगढ़ में खराब प्रदर्शन पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने रीडर को निलंबित करने के निर्देश दिए. साथ ही पीठासीन अधिकारी को भी बदलने के निर्देश दिए गए. ताकि प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित सुधार सुनिश्चित हो सके.

### राजस्व शिकायतों के निराकरण में सख्ती के निर्देश

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन से संबंधित शिकायतों के निराकरण में राजस्व अधिकारी पूरी तरह सजग एवं गंभीर रहें. लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए.

**संत रविदास जयंती की कलश यात्रा के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश** - संत रविदास जयंती के अवसर पर प्रस्तावित कलश यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को सुव्यवस्थित कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध रूप से आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए.

# स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**छापीहेड़ा 17 अगस्त, सं.** कृष्णा वैली इंटरनेशनल स्कूल में देश का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया. शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक छापीहेड़ा, विद्यालय प्रबंधक द्वारकाप्रसाद गांधी, निखिल गांधी, पूजा गांधी, विद्यालय की प्राचार्या ख्याति जैन एवं अकादमिक हेड सहित समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे. प्राचार्या ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देती है. कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों को मिष्ठान वितरण के साथ हुआ. पूरा विद्यालय परिसर तिरंगे के रंगों और देशभक्ति के नारों से गूंज उठा.